राजस्थान–सरकार

कार्यालय जिला कलेक्टर एंव जिला मजिस्ट्रेट टोंक

क्रमांक :– एफ 1 ()/राज.अव./सामान्य/2024/336 दिनांक– 06/01/2025

–:आदेश:–

श्रीमान् निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पत्रांक: शिविरा–मा/मा–स/22418/शिविरा पंचाग/2024–25–18074 दिनांक 06.01.2025 एवं मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर एवं बढती हुई ठंड को देखते हुये जिले में ठंड के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 08.01.2025 तक जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीतलहर एवं ठंड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मध्यनजर विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाना अति आवश्यक है।

अतः मैं डॉ0 सौम्या झा, जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण टोंक आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये टोंक जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 08.01.2025 तक का अवकाश घोषित करती हूँ। यह अवकाश केवल छात्र–छात्राओं के लिये लागू रहेगा। शेष स्टॉफ यथावत कार्य करता रहेगा। जिले के समस्त संस्था प्रधानो को आदेशित किया जाता है की वे इस आदेश की अक्षरशः पालना करना सुनिश्चित करे। यदि कोई भी संस्था प्रधान निर्धारित समय के दौरान कक्षा संचालन करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत् नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(डॉ0 सौम्या झा)
जिला कलेक्टर,
टोंक

क्रमांक :– एफ 1 ()/राज.अव./सामान्य/2024/337-46 दिनांक– 06/01/2025

प्रतिलिपि– सूचना एवं अनुपालनार्थ

1. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
3. सयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, अजमेर संभाग, अजमेर।
4. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी टोंक।
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, टोंक।
6. जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक/प्रारम्भिक टोंक को आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने हेतु।
7. समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला टोंक को पालना सुनिश्चित करवाने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

जिला कलेक्टर,
टोंक

Signature valid

Digitally signed by Saumya Jha
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.01.06 20:30:10 IST
Reason: Approved

01432-246377(O) 01432-243026(Fax) Email :- dm-ton-rj@nic.in

D:\General\Govt Holiday.doc